(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 15th Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on External Affairs on 'Welfare of Indian Diaspora; Policies/ Schemes'.

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 20th Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on External Affairs on 'Demands for Grants for the year 2023-24'.

(iii) Status of implementation of the recommendations contained in the 22nd Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on External Affairs on 'India's Neighbourhood First Policy'.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I have received one notice under Rule 267 from Shri Tiruchi Siva seeking discussion over the recent Cyclone Fengal in Tamil Nadu. While a detailed ruling need not be reiterated, this issue has been raised earlier also by way of Rule 267 and otherwise in the House. Dr. Thambidurai, hon. Member, had also spoken to me on this on several occasions. I will accommodate Shri Tiruchi Siva during the Zero Hour on this issue today. I will accommodate. Now, let us take up Zero Hour submissions. Dr. Sudhanshu Trivedi.

---

## MATTERS RAISED WITH PERMISSION

### Concern over suspicious and conspicuous attacks on national interest from abroad

**डा. सुधांशु त्रिवेदी** (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं एक अत्यंत गम्भीर, महत्वपूर्ण और चिंताजनक विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। जब से भारत श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक उभरती हुई सामरिक, आर्थिक और कूटनीतिक शक्ति बनकर उभरा है, तब से यह बहुत सहज रूप से देखा जाने लगा है, विशेषकर विगत तीन वर्षों से, जब से भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विदेश की बहुत-सी ऐसी गतिविधियां हैं, जो भारत की व्यवस्था के आर्थिक पक्ष, भारत की व्यवस्था के नैतिक पक्ष और सामाजिक पक्ष पर आक्रमण कर रही हैं। इस संदर्भ में एक रिसेंट जानकारी आई है, जिसे हम कह सकते हैं - Organised Crime and Corruption Reporting Project (OCCRP). A French publication has recently published its own report based on its own investigation on Sarajevo-based OCCRP. This media report has claimed *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: You will lay the report on the Table of the House.

DR. SUDHANSHU TRIVEDI: Okay, Sir.

MR. CHAIRMAN: Please go ahead.

**डा. सुधांशु त्रिवेदी:** इस रिपोर्ट के अनुसार यह कहा गया है कि इस प्रोजेक्ट को फॉरेन गर्वनमेंट्स की फंडिंग है और उसका फोकस इंडिया के ऊपर भी है। इस फॉरेन गर्वनमेंट की फंडिंग के साथ-साथ George Soros के साथ भी इनका कनेक्शन है। यह मैं केवल रिपोर्ट के आधार पर नहीं कह रहा हूं। मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि विगत तीन वर्षों से क्या यह एक संयोग है कि जिस समय भारत की संसद का सत्र चलता है। मैं सिर्फ एक क्रम के बारे में बता रहा हूं। भारतीय फॉर्मर्स के बारे में 3 फरवरी, 2021 को एक रिपोर्ट आती है और 29 जनवरी, 2021 से बजट सत्र शुरू हो जाता है। पेगासस की रिपोर्ट 18 जुलाई, 2021 को आती है और 19 जुलाई, 2021 से मानसून सत्र शुरू होता है। उसके बाद 31 जनवरी, 2023 से भारत की संसद का बजट सत्र शुरू होता है और 24 जनवरी, 2023 को हिंडनबर्ग रिपोर्ट आती है। जनवरी, 2023 में भारत की संसद का सत्र शुरू होता है और 17 जनवरी, 2023 को बीबीसी की 'India: The Modi Question' डॉक्यूमेंट्री आती है। इससे भी गंभीर और महत्वपूर्ण बात है कि 20 जुलाई, 2023 को भारत की संसद का सत्र शुरू होता है और मणिपुर वॉयलेंस का वीडियो 19 जुलाई, 2023 को ठीक एक दिन पहले जारी होता है। अगर हम पूरे सीक्वेंस में चलें, तो मैं याद दिलाना चाहूंगा कि 10 मई, 2024 को कोविड वैक्सीन के बारे में एक रिपोर्ट छपती है, जिस समय भारत का चुनाव प्रचार अपने चरम पर था। फिर अभी वर्तमान सत्र को लीजिए। हम बताना चाहते हैं कि मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त के बीच में शुरू होता है और 10 अगस्त को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आती है। वर्तमान सत्र 25 नवंबर से प्रारंभ होता है और 20 नवंबर को बिजनेस हाउस के संदर्भ में अमेरिकन कोर्ट के एक अटॉर्नी की रिपोर्ट आती है। मैं सिर्फ देश के सामने यह बात रखना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except. ...(Interruptions)... Hon. Members, I will give time, please listen to me. This is a very serious issue and we need to have opinion of everyone. *...(Interruptions)...* We cannot allow the largest democracy to be made dysfunctional by deep state anywhere. *...(Interruptions)...* This House should be united in neutralizing any trend, any initiative, that is pernicious and dangerous to our sovereignty. *...(Interruptions)...* I allow Dr. Sudhanshu Trivedi to continue. *...(Interruptions)...*

**डा. सुधांशु त्रिवेदी:** मैं सिर्फ यह बताना चाहता हूं कि विगत चुनाव, भारत के राजनैतिक इतिहास के एकमात्र चुनाव थे। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I will give you also time. *...(Interruptions)...*

**डा. सुधांशु त्रिवेदी:** जब विदेश में कोई रिपोर्ट नहीं ...(**व्यवधान**)... मैं विपक्ष के सदस्यों से कहना चाहता हूं कि भारत के इतिहास का एकमात्र चुनाव था ...(**व्यवधान**)... जब विदेश की एक रशियन

गर्वनमेंट ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट दी कि भारत के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... ऐसा भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ...(**व्यवधान**)... इसके बाद दूसरी सरकार के द्वारा उसका खंडन किया गया। ...(**व्यवधान**)... महोदय, मैं अपने विपक्ष के साथियों से पूछना चाहता हूं कि यह जानबूझकर हो रहा है या अनजाने में हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... अगर अनजाने में हो रहा है, तो ईमानदारी से आइए और खुलकर चर्चा कीजिए। यदि जानबूझकर हो रहा है, तो मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि इसके बारे में गहरी जांच होनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... सभापति महोदय, मैंने कोई घटना क्वोट नहीं की है। ...(**व्यवधान**)... मैंने केवल एक रिपोर्ट क्वोट नहीं की है, बल्कि मैंने तीन वर्षों का सीक्वेंस दिया है। ...(**व्यवधान**)... सदन में बैठा हुआ हर व्यक्ति अपने आप उसे साफ-साफ देख सकता है। ...(**व्यवधान**)... सभापति महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूं, यह बहुत सहज, स्वाभाविक सी-बात है कि जिन लोगों के दिल में यह ख्वाब है कि वे भारत को झुका देंगे, तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम भी नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस प्रकार से आगे बढ़ रहे हैं, ...(**व्यवधान**)... आप यह मत सोचिए कि आज विदेश से किसी चीज़ का प्रभाव पड़ने वाला है। आज भारत अपने स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है।

सर, मैं उन लोगों के लिए कहना चाहूंगा, जो विदेश में जाकर विचार करते हैं, जो यह कहते हैं कि डिफेंडर्स ऑफ डेमोक्रेसी यहाँ पर क्यों कुछ नहीं कर रहे हैं। मैं उनके लिए कहना चाहता हूं कि वे जिन्हें डिफेंडर्स ऑफ डेमोक्रेसी कहते थे, वे देश भी प्रधानमंत्री जी की तारीफ कर रहे हैं। इसलिए विदेश का लाभ लेकर, विदेश की छाँव लेकर जो भारत में हो रहा है, मैं उसके लिए एक पंक्ति कहना चाहूंगा,

*'अपने वतन पर सदियों तक रहीं हैं हुकूमत ग़ैरों की*
*लेकिन कुछ चेहरों पर अब तक है धूल उनके पैरों की।'*

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by Dr. Sudhanshu Trivedi:- Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), Shri Samik Bhattacharya (West Bengal), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Chunnilal Garasiya (Rajasthan), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat), Shri Dorjee Tshering Lepcha (Sikkim), Shrimati Sangeeta Yadav (Uttar Pradesh), Shri Mission Ranjan Das (Assam), Shri Rameswar Teli (Assam), Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh), Shri Rajib Bhattacharjee (Tripura) and Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh). Shri Derek O'Brien ...*(Interruptions)*...

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 12 noon today.

*The House then adjourned at seventeen minutes past eleven of the clock.*